Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 23 June 2024

Dainik Jagran Page - 06

एमए द्वितीय सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा कल

गोरखपुर : गोरखपुर विश्वविद्यालय में एमए द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2023-2024 के ईडीयूएमए512 रीसर्च प्रोजेक्ट की मौखिक परीक्षा 24 जून को सुबह 10 बजे से शिक्षा संकाय में होगी। अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष प्रो. सरिता पांडेय ने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं प्रवेश पत्र एवं प्रोजेक्ट के साथ समय से उपस्थित हों। प्रोजेक्ट न होने की स्थिति में परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा।

गोवि में परास्नातक द्वितीय-चतुर्थ सेमेस्टर का परिणाम जारी

गोरखपुर : गोरखपुर विश्वविद्यालय में शनिवार को परास्नातक द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल जारी कर दिया गया। परीक्षा नियंत्रक डा. कुलदीप सिंह ने बताया कि एमए प्राचीन इतिहास चतुर्थ सेमेस्टर, एमए भूगोल द्वितीय सेमेस्टर, एमए इतिहास द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमए मंच कला चतुर्थ सेमेस्टर, एमए दृश्य कला द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमए/एमएससी गणित चतुर्थ सेमेस्टर, एमए/एमएससी सांख्यिकी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी बायोइन्फार्मेटिक्स द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी गृह विज्ञान क्लोथिंग एंड टेक्सटाइल द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी गृह विज्ञान फूड एंड न्यूट्रीशियन द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी माइक्रोबायोजी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी भौतिक विज्ञान के चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। विद्यार्थी इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ddugu.ac.in पर देख सकते हैं।

गोवि ने परीक्षा के लिए जारी किया प्रवेश पत्र

गोरखपुर : सत्र 2024-25 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा को लेकर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रक्रिया आगे बढ़ा दी है। परीक्षा की समय-सारिणी पहले ही जारी की जा चुकी है। अब अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र भी जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा की शुरुआत 27 जून से होनी है। प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा। पहली पाली सुबह नौ से 11 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर तीन से पांच बजे तक आयोजित होगी। सभी प्रवेश परीक्षाएं विश्वविद्यालय परिसर में ही संपन्न होंगी। इसके लिए मुख्य परिसर में नौ और महाराणा प्रताप परिसर में दो केंद्र बनाए गए हैं। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल dduguadmission.in पर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय ने मांगा पुलिस बल: प्रवेश परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुलिस विभाग से मदद मांगी है। पुलिस अधीक्षक नगर को पत्र लिखे पत्र में मुख्य नियंता ने कहा है कि 27 जून से आठ जुलाई तक दोनों पालियों में प्रवेश परीक्षा आयोजित है। परीक्षा से एक घंटे पूर्व लेकर समाप्ति तक परिसर और उसके बाहर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने का कष्ट करें, जिससे परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा सके।

कोई भी कसरत योग से बेहतर नहीं : प्रो. पूनम टंडन

जासं, गोरखपुर : योग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से दर्शनशास्त्र विभाग एवं गुरु श्रीगोरक्षनाथ शोधपीठ के संयुक्त तत्वावधान में गोरखपुर विश्वविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बतौर अध्यक्ष संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि योग से बेहतर कोई कसरत नहीं। इसलिए इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। मुख्य अतिथि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, झारखंड के पूर्व प्रति कुलपति प्रो. दीप नारायण यादव ने कहा कि कृष्ण, बुद्ध और गुरु गोरखनाथ के बिना योग की कल्पना नहीं की जा सकती। इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. ऋषिकान्त पांडेय विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर प्रो. अजय शुक्ल, प्रो. सुनीता मुर्मु, प्रो. गौर हरि बेहरा, प्रो. दीपक प्रकाश त्यागी, डा. मनोज द्विवेदी, डा. संजय राम, डा. कुशल नाथ मिश्र, प्रयागराज विवि के प्रो. मनोज कुमार, डा. प्रवीण पटेल, डा. रमेश चंद्र, डा. संजीव विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

पेटेंट अधिकारी वनीं गोरखपुर की जाह्नवी श्रीवास्तव

गोरखपुर : शहर के खरैया पोखरा, बशारतपुर निवासी संदीप कुमार श्रीवास्तव व सुषमा श्रीवास्तव की पुत्री जाह्नवी श्रीवास्तव का चयन भारत सरकार में पेटेंट अधिकारी ग्रेड-1 के पद पर हुआ है। गोरखपुर विश्वविद्यालय से बीसीए की गोल्ड मेडलिस्ट रही हैं। एनआइटी रायपुर से एमसीए में भी गोल्ड मेडलिस्ट बनी थीं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजन और मित्रों को दिया है।

जाह्नवी श्रीवास्तव

गोवि की सख्ती का दिखा असर, सेडिका में पकड़े 14 नकलची

आंतरिक सचल दस्ता हुआ सक्रिय, रस्टीकेट हुए नकलची छात्र, एक दिन पूर्व पहुंची गोवि की टीम को भी मिले थे तीन नकलची

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की ओर परीक्षा की व्यवस्था पर उठाए गए सवाल को सेंट एंड्रयूज कालेज ने गंभीरता से लिया है।

कालेज के आंतरिक सचल दस्ते की कार्रवाई इसका प्रमाण है। एक दिन पूर्व विश्वविद्यालय के सचल दस्ते द्वारा तीन नकलची पकड़े जाने के बाद शनिवार को कालेज के आंतरिक सचल दस्ते ने इसे लेकर सख्ती दिखाई और 14 परीक्षार्थियों को अनुचित साधन के प्रयोग करते हुए न केवल पकड़ लिया बल्कि उनके खिलाफ रस्टिकेशन की कार्रवाई भी कर दी। यह 14 परीक्षार्थी तीन कालेजों के हैं।

शुक्रवार को सेंट एंड्रयूज कालेज में बीए-एलएलबी के छठे सेमेस्टर की परीक्षा चल रही थी। इसी बीच किसी ने विश्वविद्यालय के विधि संकाय के अधिष्ठाता से वहां नकल किए जाने की शिकायत की। अधिष्ठाता ने इसकी सूचना जब कुलसचिव को दी तो उन्होंने सात सदस्यीय सचल दस्ता तत्काल कालेज के लिए रवाना कर दिया।

सचल दस्ते को मौके पर शिकायत सही मिली। परीक्षा कक्ष में चिट बिखरे पड़े मिले और तीन परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते मिले। इसे लेकर सचल दस्ते ने कालेज के केंद्राध्यक्ष को उनकी जिम्मेदारी बताई और नकल को लेकर सतर्क रहने की हिदायत दी।

कालेज प्रबंधन ने इसे गंभीरता से लिया और शनिवार को नकल रोकने के लिए अपने आंतरिक सचल दस्ते को सक्रिय कर दिया।

इस सक्रियता का परिणाम यह रहा कि 14 परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़ लिए गए। चूंकि कालेज केंद्र पर कई कालेजों के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे थे। ऐसे में पकड़े जाने वालों में सेंट एंड्रयूज कालेज के पांच परीक्षार्थियों के अलावा पांच परीक्षार्थी हरिसहाय ला कालेज और चार परीक्षार्थी प्रभा देवी कालेज के थे।

यह कार्रवाई दूसरी पाली में आयोजित एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान हुई।

"नकल की शिकायत कालेज की प्रतिष्ठा पर दाग लगाने वाली थी। इसे कालेज प्रबंधन ने गंभीरता से लिया। आंतरिक सचल दस्ते को सक्रिय किया गया। दस्ते की छापेमारी में 16 विद्यार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़े गए। उनके खिलाफ रस्टिकेशन की कार्रवाई की गई है।
प्रो. सीओ. सेमुअल, प्राचार्य, सेंट एंड्रयूज कालेज, गोरखपुर

एमए द्वितीय सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा कल

गोरखपुर : गोरखपुर विश्वविद्यालय में एमए द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2023-2024 के ईडीयूएमए512 रीसर्च प्रोजेक्ट की मौखिक परीक्षा 24 जून को सुबह 10 बजे से शिक्षा संकाय में होगी। अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष प्रो. सरिता पांडेय ने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं प्रवेश पत्र एवं प्रोजेक्ट के साथ समय से उपस्थित हों। प्रोजेक्ट न होने की स्थिति में परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा।

गोवि में परास्नातक द्वितीय-चतुर्थ सेमेस्टर का परिणाम जारी

गोवि ने परीक्षा के लिए जारी किया प्रवेश पत्र

Amar Ujala Page - 07, 08, 09

डीडीयू में प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 में स्नातक-परास्नातक में प्रवेश के लिए परीक्षाएं 27 जून से होनी हैं। इसके लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिशन सेल के निदेशक प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा। पहली पाली सुबह नौ से 11 बजे और दूसरी पाली दोपहर तीन से पांच बजे तक आयोजित होगी। मुख्य परिसर में नौ और महाराणा प्रताप परिसर में दो केंद्र बनाए गए हैं। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल dduguadmission.in पर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। संवाद

डीडीयू : पंचायती राज व्यवस्था पर शुरू होगा सर्टिफिकेट कोर्स

राजनीति विज्ञान विभाग ने विजन प्लान में दिया कोर्स का प्रस्ताव

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। ग्राम सभा, ब्लॉक और जिला पंचायत से जुड़े लोगों के लिए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय पंचायती राज व्यवस्था पर नया सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने जा रहा है। राजनीति विज्ञान विभाग में इसका संचालन होगा जिसे कोई भी व्यक्ति आसानी से कर सकेगा। विभाग की योजना है कि इसे वर्तमान सत्र से ही शुरू किया जाए।

राजनीति विज्ञान विभाग ने अपने पांच साल के विजन प्लान का प्रेजेंटेशन कुलपति प्रो. पूनम टंडन के समक्ष पेश कर दिया है। इसके तहत नई पंचायती राज व्यवस्था पर कोर्स शुरू करना उनकी तीन वर्ष की कार्ययोजना में शामिल है। लेकिन विभाग की तैयारी इसे सत्र 2024-25 से ही शुरू करने की है। यह सर्टिफिकेट कोर्स तीन महीने का होगा जिसे विद्यार्थियों के साथ-साथ आम आदमी भी कर सकेंगे। आमतौर पर जो लोग ग्राम सभा, ब्लॉक या जिला पंचायत में चुन कर जाते हैं उनके पास इस व्यवस्था के बारे में उतनी जानकारी नहीं होती। ऐसे लोगों के लिए यह कोर्स काफी फायदेमंद होगा।

बनेगा बॉर्डर अध्ययन केंद्र : विश्वविद्यालय की एक वर्षीय योजना में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पर मंथली लेक्चर सीरीज शुरू करना, राष्ट्रीय सेमिनार आदि आयोजित करना है। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। पंच वर्षीय योजना में बॉर्डर स्टडीज सेंटर खोलने की तैयारी है। इसके तहत नेपाल, चीन, बांग्लादेश, भूटान और म्यांमार से रिश्तों पर अध्ययन होगा।

विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार सिंह ने बताया कि बॉर्डर अध्ययन केंद्र हमारे विजन प्लान में काफी महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही विभाग में एक लाइब्रेरी स्थापित करने की योजना है।

पं. दीनदयाल उपाध्याय की स्मृति में शुरू होगी लेक्चर सीरीज

विद्यार्थियों से लेंगे फीडबैक

बोर्ड ऑफ स्टडीज, संकाय, विद्या परिषद और कार्य परिषद से अनुमोदन के बाद इसे इसी सत्र से शुरू कर दिया जाएगा। कोर्स करने वाले विद्यार्थियों से विभाग फीडबैक भी लेगा ताकि आगे इसमें और सुधार किया जा सके। विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पंचायती राज व्यवस्था पर सर्टिफिकेट कोर्स को जल्द शुरू किया जाएगा।

पंचायती राज व्यवस्था पर कोर्स शुरू करने से गोरखपुर और आसपास के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। पंचायत से जुड़े लोगों को पूरा सिस्टम समझने का मौका रहेगा। खासतौर से जो महिलाएं राजनीति में आती हैं उनको इस कोर्स से काफी जानकारी मिलेगी।
- प्रो. पूनम टंडन, कुलपति

डीडीयू : पीजी चतुर्थ सेमेस्टर के रिजल्ट जारी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में शनिवार को परास्नातक द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल जारी कर दिया गया। परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि एमए प्राचीन इतिहास चतुर्थ सेमेस्टर, एमए भूगोल द्वितीय सेमेस्टर, एमए इतिहास द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमए मंच कला चतुर्थ सेमेस्टर, एमए दृश्य कला द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमए/एमएससी गणित चतुर्थ सेमेस्टर, एमए/एमएससी सांख्यिकी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी बायोइंफॉर्मेटिक्स द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी गृह विज्ञान क्लोथिंग एंड टेक्सटाइल द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी गृह विज्ञान फूड एंड न्यूट्रीशियन द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी भौतिक विज्ञान के चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। विद्यार्थी इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ddugu.ac.in पर देख सकते हैं। संवाद

प्रवेश परीक्षा कराने के लिए पुलिस बल की मांग

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय में स्नातक एवं परास्नातक सत्र 2024-25 की प्रवेश परीक्षाएं 27 जून से शुरू होंगी। इसे सुचारु रूप से कराने के लिए मुख्य नियंता प्रो. सतीश चंद्र पांडेय ने एसपी सिटी को पत्र लिखकर पुलिस बल की मांग की है। मुख्य नियंता ने पत्र में कहा कि प्रथम पाली की सुबह नौ से 11 बजे तक और द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर तीन से पांच बजे तक होगी। संवाद

एमए द्वितीय सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा कल

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय में एमए द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2023-2024 के ईडीयूएमए 512 रीसर्च प्रोजेक्ट की मौखिक परीक्षा 24 जून को सुबह 10 बजे से शिक्षा संकाय में होगी। संवाद

Hindustan Page - 05, 06, 08

गंवई राजनीति की बारीकियों से रूबरू हो सकेंगे विद्यार्थी

डीडीयू

- राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए जाने की योजना
- पंचायती राज व्यवस्था का कोर्स तीन महीने का, विजन प्लान में शामिल

गोरखपुर, निज संवाददाता। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के राजनीति शास्त्र विभाग में पंचायती राज व्यवस्था पर सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए जाने की योजना है। इस पाठ्यक्रम में ग्राम सभा, ब्लॉक और जिला पंचायत से जुड़ी अहम जानकारियां शामिल की जाएंगी।

दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के राजनीति शास्त्र विभाग ने अपने पांच साल के विजन प्लान का प्रजेंटेशन कुलपति प्रो. पूनम टंडन के समक्ष प्रस्तुत किया है। विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार सिंह के मुताबिक पंचायती राज व्यवस्था पर कोर्स उसकी तीन वर्षीय योजना में शामिल है।

सत्र 2024-25 से ही इसे शुरू किए जाने की कोशिश की जा रही है। तीन महीने के पंचायती राज व्यवस्था के सर्टिफिकेट कोर्स को विद्यार्थियों के साथ ही बाहरी लोग भी कर सकेंगे। गंवई राजनीति से जुड़े लोगों के लिए यह कोर्स काफी मददगार होगा।

बनेगा बॉर्डर अध्ययन केंद्र : विभाग के पांच वर्षीय विजन प्लान में बॉर्डर स्टडीज सेंटर खोलने की तैयारी है। इसके तहत नेपाल, चीन, बांग्लादेश, भूटान और म्यांमार से रिश्तों पर अध्ययन होगा। बॉर्डर अध्ययन केंद्र को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विभाग में एक लाइब्रेरी भी स्थापित करने की योजना है। इससे शिक्षकों के साथ ही छात्रों को भी काफी सहूलियत होगी।

"पंचायती राज व्यवस्था पर कोर्स शुरू करने से लोगों को काफी लाभ मिलेगा। गंवई राजनीति से जुड़ी बारीकियों को समझने का पूरा मौका मिलेगा। राजनीति में आने वाली महिलाओं के लिए भी यह कोर्स कारगर सिद्ध होगा।
- प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, डीडीयू

कोई भी कसरत योग से बेहतर नहीं है : प्रो. पूनम

संगोष्ठी

गोरखपुर, निज संवाददाता। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में योग दिवस पर शनिवार को भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से दर्शनशास्त्र विभाग एवं गुरु श्रीगोरक्षनाथ शोधपीठ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि गोरक्षनाथ हठयोग के प्रवर्तक हैं। गोरखपुर योग की नगरी है। योग को अपनी जीवनचर्या का नियमित भाग बनाएं। कोई भी कसरत योग से बेहतर नहीं है। मुख्य अतिथि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, झारखंड के पूर्व प्रति कुलपति प्रो दीप नारायण यादव ने कहा कि कृष्ण, बुद्ध एवं गुरु गोरखनाथ के बिना योग की कल्पना नहीं की जा सकती। योग स्वयं एवं समाज दोनों के लिए आवश्यक है। इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. ऋषिकान्त पांडेय विशिष्ट अतिथि रहे। इस मौके पर प्रो. अजय शुक्ल, प्रो. सुनीता मुर्मु, प्रो. गौर हरि बोहरा, प्रो. दीपक प्रकाश त्यागी, डॉ. मनोज द्विवेदी, डॉ संजय राम, डॉ. कुशल नाथ मिश्र, प्रयागराज विवि के प्रो. मनोज कुमार, डॉ. प्रवीण पटेल, डॉ. रमेश चंद डॉ. संजीव विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी

गोरखपुर। डीडीयू में सत्र 2024-25 में स्नातक-परास्नातक में प्रवेश के लिए परीक्षाएं 27 जून से शुरू हो रही हैं। इसके लिए शनिवार की शाम प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। डीडीयू में एडमिशन सेल के निदेशक प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का आयोजन दो पालियों में होगा। पहली पाली सुबह 9 से 11 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर तीन से पांच बजे तक आयोजित होगी। सभी प्रवेश परीक्षाएं डीडीयू परिसर में ही होंगी।

परीक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था की मांग

गोरखपुर। डीडीयू में 27 जून से शुरू हो रही प्रवेश परीक्षाएं सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो, इसके लिए डीडीयू प्रशासन ने पत्र लिखा है। एसपी सिटी को लिखे पत्र में मुख्य नियंता प्रो. सतीश चन्द्र पांडेय ने कहा कि दोनों पालियों की परीक्षा में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किए जाएं। उन्होंने परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले पुलिस बल तैनात किए जाने का आग्रह किया है।

पीजी के द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के परिणाम जारी

गोरखपुर। डीडीयू में शनिवार को कई विषयों के परास्नातक द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल जारी कर दिया गया। पीजी के ज्यादातर विषयों का परीक्षा परिणाम जारी हो चुका है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि विभिन्न विषयों का परीक्षाफल जारी कर दिया गया है। विद्यार्थी इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट www. ddugu. ac. in पर देख सकते हैं।

Inext Page - 01, 04, 06

डीडीयू में एमए फोर्थ सेमेस्टर का रिजल्ट जारी

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (22 June): डीडीयूजीयू में शनिवार को परास्नातक द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल जारी कर दिया गया. परीक्षा नियंत्रक डा. कुलदीप सिंह ने बताया कि एमए प्राचीन इतिहास चतुर्थ सेमेस्टर, एमए भूगोल द्वितीय सेमेस्टर, एमए इतिहास द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमए मंच कला चतुर्थ सेमेस्टर, एमए दृश्य कला द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमए/एमएससी गणित चतुर्थ सेमेस्टर, एमए/एमएससी सांख्यिकी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी बायोइन्फार्मेटिक्स द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी गृह विज्ञान क्लोथिंग एंड टेक्सटाइल द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी गृह विज्ञान फूड एंड न्यूट्रीशियन द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी माइक्रोबायोजी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी भौतिक विज्ञान के चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है. विद्यार्थी इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ddugu.ac.in पर देख सकते हैं.

एमए द्वितीय सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 24 जून को

GORAKHPUR (22 June): डीडीयूजीयू में एमए द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2023-2024 के ईडीयूएमए512 रीसर्च प्रोजेक्ट की मौखिक परीक्षा 24 जून को सुबह 10 बजे से शिक्षा संकाय में होगी. अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष प्रो. सरिता पांडेय ने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं प्रवेश पत्र एवं प्रोजेक्ट के साथ समय से उपस्थित हों. प्रोजेक्ट न होने की स्थिति में परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा.

कोई भी कसरत योग से बेहतर नहीं : प्रो. पूनम टंडन

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (22 June): योग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से दर्शनशास्त्र विभाग एवं गुरु श्रीगोरक्षनाथ शोधपीठ के संयुक्त तत्वावधान में डीडीयूजीयू में शनिवार को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया. संगोष्ठी को बतौर अध्यक्ष संबोधित करते हुए वीसी प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि योग से बेहतर कोई कसरत नहीं. इसलिए इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं. अतिथि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, झारखंड के पूर्व प्रति कुलपति प्रो. दीप नारायण ने कहा कि बुद्ध व गुरु गोरखनाथ के बिना योग की कल्पना नहीं की जा सकती.

Amar Ujala Select Page - 04

डीडीयू में परास्नातक चतुर्थ सेमेस्टर का रिजल्ट जारी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में शनिवार को परास्नातक द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल जारी कर दिया गया। परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि एमए प्राचीन इतिहास चतुर्थ सेमेस्टर, एमए भूगोल द्वितीय सेमेस्टर, एमए इतिहास द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमए मंच कला चतुर्थ सेमेस्टर, एमए दृष्य कला द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमए/एमएससी गणित चतुर्थ सेमेस्टर, एमए/एमएससी सांख्यिकी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी बायोइंफॉर्मेटिक्स द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी गृह विज्ञान क्लोथिंग एंड टेक्सटाइल द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी गृह विज्ञान फूड एंड न्यूट्रीशियन द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी भौतिक विज्ञान के चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। विद्यार्थी इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ddugu.ac.in पर देख सकते हैं।

एमए द्वितीय सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा कल

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में एमए द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2023-2024 के ईडीयूएमए 512 रीसर्च प्रोजेक्ट की मौखिक परीक्षा 24 जून को सुबह 10 बजे से शिक्षा संकाय में होगी। अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष प्रो. सरिता पांडेय ने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं प्रवेश पत्र एवं प्रोजेक्ट के साथ समय से उपस्थित हों। प्रोजेक्ट न होने की स्थिति में परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा।

प्रवेश परीक्षा कराने के लिए पुलिस बल की मांग

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय में स्नातक एवं परास्नातक सत्र 2024-25 की प्रवेश परीक्षाएं 27 जून से शुरू होंगी। इसे सुचारु रूप से कराने के लिए मुख्य नियंता प्रो. सतीश चंद्र पांडेय ने एसपी सिटी को पत्र लिखकर पुलिस बल की मांग की है। मुख्य नियंता ने पत्र में कहा कि प्रथम पाली की सुबह नौ से 11 बजे तक और द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर तीन से पांच बजे तक होगी। ऐसे में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विश्वविद्यालय परिसर स्थित सभी केंद्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटा पहले और परीक्षा समाप्ति तक पर्याप्त पुलिस बल तैनात की जाए।

डीडीयू में प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 में स्नातक-परास्नातक में प्रवेश के लिए परीक्षाएं 27 जून से होनी हैं। इसके लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिशन सेल के निदेशक प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा। पहली पाली सुबह नौ से 11 बजे और दूसरी पाली दोपहर तीन से पांच बजे तक आयोजित होगी। सभी प्रवेश परीक्षाएं विश्वविद्यालय परिसर में ही संपन्न होंगी। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल dduguadmission.in पर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

Swatantra Chetna Page - 05

कोई भी एक्सरसाइज योग से बेहतर नहीं है : प्रो. पूनम टंडन

कृष्ण, बुद्ध एवं गोरखनाथ के बिना योग की कल्पना नहीं की जा सकती :प्रो. दीप नारायण

स्वतंत्र चेतना गोरखपुर।दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. पूनम टंडन के संरक्षण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से दर्शनशास्त्र विभाग एवं महायोगी गुरु श्रीगोरक्षनाथ शोधपीठ, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि प्रो. दीप नारायण यादव, पूर्व प्रति कुलपति, नीलांबर पीताम्बर विश्वविद्यालय, झारखंड रहे।कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि प्रो. दीप नारायण यादव एवं प्रो. ऋषिकान्त पांडेय के द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया।

इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रो. दीप नारायण यादव ने अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि कृष्ण, बुद्ध एवं गोरखनाथ के बिना योग की कल्पना नहीं की जा सकती। गोरखनाथ के साधना मार्ग से अंतर्बोध किया जा सकता है।

उन्होंने योग का जीवन पर प्रभाव की चर्चा करते हुए कहा कि योग का हमारे जीवन पर कदम कदम पर प्रभाव है। योग हमारे हर क्रिया में है। योग अब हर क्षेत्र में आ रहा है। योग स्वयं एवं समाज दोनों के लिए आवश्यक है। संगोष्ठी की ऑनलाइन माध्यम से अध्यक्षता कर रहीं गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टण्डन ने कहा कि हठयोग के प्रवर्तक गोरक्षनाथ जी हैं। गोरखपुर योग की नगरी है। हठयोग का यहाँ जन्म हुआ है। योग के द्वारा विद्वान एवं जनमानस में जागृत उत्पन्न कर गोरखनाथ जी के संदेश को सामान्य जन में प्रसारित करें। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि आपका शरीर आपका मंदिर है, योग के द्वारा इसे स्वस्थ रखिए। योग को अपनी जीवनचर्या का नियमित भाग बनाये। कोई भी एक्सरसाइज योग से बेहतर नहीं है। योग के माध्यम से स्वयं एवं समाज का सशक्तिकरण कर अपना योगदान सुनिश्चित करें। योग से अपने जीवन को स्वस्थ बनाएं

आज इन इलाको में गुल रहेगी बिजली

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। रोड चौड़ीकरण एवं लाईन शिफ्टिंग कार्य हेतु रविवार को विद्युत उपकेंद्र दुगार्बाडी(11केवी अधियारीबाग फीडर) तथा तारामंडल (11केवी कैलाशपुरी, विवेकपुरम फीडर) से जुडे क्षेत्रो की विद्युत आपूर्ति सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी। ये जानकारी माध्यमिक कार्य खंड के एसडीओ ने दी।

Gorakhpur Super Fast Times

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक सुपर फास्ट टाइम्स (कुशीनगर/गोरखपुर/बाराबंकी)

गोरखपुर विश्वविद्यालय में 8.22 करोड़ से बनेगा नया परीक्षा मूल्यांकन भवन

24 जून को कुलाधिपति करेंगी ऑनलाइन उद्घाटन

गोरखपुर। सुपर फास्ट टाइम्स

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में कापियां जांचने में हो रही समस्या अब जल्द दूर हो जाएगी। विश्वविद्यालय में 8.22 करोड़ रुपये से एक नए परीक्षा मूल्यांकन भवन का निर्माण होना है। जिसका शिलान्यास 24 जून को कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ऑनलाइन करेंगी। विश्वविद्यालय में प्राचीन इतिहास विभाग के पास खाली जमीन पर करीब 13 हजार वर्ग फीट में दो मंजिला भवन का निर्माण कराया जाएगा। 18 महीने में इसको पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है विश्वविद्यालय में मूल्यांकन भवन न होने की वजह से शिक्षकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। वाणिज्य संकाय के पास मूल्यांकन भवन बनाया गया था। बाद में इसे इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी बना दिया गया। जिसके बाद प्रशासनिक भवन के पास मोहन सिंह भवन से परीक्षा संबंधी कार्यों को निपटाया जा रहा था।

भवन में रहेंगी आधुनिक सुविधाएं

विश्वविद्यालय में बनने वाला यह मूल्यांकन भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसमें एक बड़ा एसी हॉल भी होगा। जिसमें बड़ी संख्या में बैठकर शिक्षक मूल्यांकन कार्य कर सकेंगे। मूल्यांकन कार्य में तेजी होने से परीक्षा परिणाम भी जल्द जारी करने में सहूलियत मिलेगी। भवन में ऑटोमेटिक फायर अलार्म सिस्टम तथा दीमक प्रतिरोधी क्षमता आदि की सुविधा प्रदान की जाएगी।

गोरखपुर विश्वविद्यालय में नया परीक्षा एवं मूल्यांकन भवन प्राचीन इतिहास विभाग के पीछे बनना है। इसके लिए शासन से धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। 24 जून को कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल इसका ऑनलाइन शिलान्यास करेंगी। इसे 18 महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।
प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, डीडीयू

Rashtriya Sahara Page - 05

डीडीयू के नये परीक्षा मूल्यांकन भवन का शिलान्यास कल

गोरखपुर(एसएनबी)। गोविवि. में परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए परीक्षकों को अब अत्याधुनिक सुविधायुक्त भवन मिलने जा रहा है, जिसपर तकरीबन 8.22 करोड़ रूपये खर्च होंगे। कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल सोमवार (24 जून 2024) को इस भवन का शिलान्यास वर्चुअल माध्यम से करेंगी। इसी के साथ परीक्षकों को कापियों के मूल्यांकन के दौरान होने वाली परेशानियों से भी निजात मिल जायेगी।

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय को नये मूल्यांकन भवन के रूप में सौगात मिलने जा रही है। परीक्षा कापी का मूल्यांकन करने आने वाले परीक्षकों को अब सुविधायुक्त नया परीक्षा मूल्यांकन भवन मिलेगा। जिसमें मूल्यांकन के दौरान बैठने से लेकर अन्य परेशानियों का उन्हें सामना नहीं करना पड़ेगा। कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल नए भवन का शिलान्यास सोमवार को ऑनलाइन माध्यम से करेंगी। इस नये मूल्यांकन भवन पर तकरीबन 8.22 करोड़ रूपये खर्च होंगे। भवन प्राचीन इतिहास विभाग के पिछले गेट की तरफ खाली जमीन पर करीब 13 हजार वर्गफीट जमीन में इसका निर्माण कार्य संपन्न होगा।

- कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ऑनलाइन करेंगी शिलान्यास
- मूल्यांकन भवन के निर्माण पर खर्च होंगे 8.22 करोड़
- 18 महीने में परीक्षकों को मिल जायेगा अपना भवन

मूल्यांकन भवन न होने से परेशान थे परीक्षक

गोविवि. में परीक्षकों के लिए कोई मूल्यांकन भवन न होने से उनको बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता था। विश्वविद्यालय परिसर के अंदर बने नए वाणिज्य भवन के पास बने भवन में पहले परीक्षा की कापियों का मूल्यांकन कार्य होता था। इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का नया कोर्स आने के बाद इसमें इंजीनियरिंग की कक्षाएं चलने लगी। जिसके बाद प्रशासनिक भवन के पास स्थित मोहन सिंह भवन से मूल्यांकन कार्य निपटाया जाने लगा। सेमेस्टर सिस्टम लागू होने के बाद साल में दो बार परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य होता है। ऐसे में जगह छोटी पड़ने और पर्याप्त सुविधाएं नहीं होने से परीक्षकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता रहा है।

अत्याधुनिक सुविधायुक्त होगा भवन : उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में आ रही परेशानी को देखते हुए शासन को नए परीक्षा एवं मूल्यांकन भवन के निर्माण के लिए पूर्व में प्रस्ताव भेजा गया था। वहां से धनराशि स्वीकृत हो गयी है। यह भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इस भवन में एक बड़ा एसी हाल भी होगा जिसमें अधिक से अधिक परीक्षक बैठकर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर सकेंगे। नए बनने वाले भवन में अन्य आधुनिक सुविधाओं का भी खास ध्यान रखा जाएगा।

शासन से धनराशि स्वीकृत हो गयी है : कुलपति

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि विश्वविद्यालय में नया मूल्यांकन भवन प्राचीन इतिहास विभाग के पीछे बनाया जाएगा। इसका 75 प्रतिशत धन राज्य सरकार देगी। 18 माह में इसे तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए शासन से धनराशि भी स्वीकृत हो चुकी है। 24 जून को कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ऑनलाइन इसका शिलान्यास करेंगी।

कृष्ण बुद्ध और गोरखनाथ के बिना योग की कल्पना नहीं : प्रो. दीप नारायण

गोरखपुर(एसएनबी)। कृष्ण, बुद्ध एवं गोरखनाथ के बिना योग की कल्पना नहीं की जा सकती। गोरखनाथ के साधना मार्ग से अंतर्बोध किया जा सकता है। योग का हमारे जीवन पर कदम-कदम पर प्रभाव है। योग हमारे हर क्रिया में है और अब हर क्षेत्र में आ रहा है। योग स्वयं एवं समाज दोनों के लिए आवश्यक है।

उक्त बातें प्रो. दीप नारायण यादव, पूर्व प्रति कुलपति, नीलांबर पीताम्बर विश्वविद्यालय, झारखंड ने कहीं। वे योग दिवस के अवसर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से दर्शनशास्त्र विभाग एवं महायोगी गुरु श्रीगोरक्षनाथ शोधपीठ, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के तत्वावधान में एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि हठयोग के प्रवर्तक गोरक्षनाथ जी हैं। गोरखपुर योग की नगरी है। हठयोग का यहां जन्म हुआ है। योग के द्वारा विद्वान एवं जनमानस में जागृति उत्पन्न कर गोरखनाथ जी के संदेश को सामान्यजन में प्रसारित करें। इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. ऋषिकान्त पांडेय ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि योग के मनोवैज्ञानिक पहलू की चर्चा करते हुए कहा कि योग से मनोवैज्ञानिक एवं मानसिक समस्याएं दूर की जा सकती है।

इस संगोष्ठी के संयोजक गोरखपुर विश्वविद्यालय के डा. संजय कुमार राम, सहायक आचार्य, दर्शनशास्त्र विभाग ने अतिथियों का स्वागत किया।

- डीडीयू में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न
- योग की नगरी है गोरखपुरः प्रो. पूनम टंडन
- योग से दूर हो सकती हैं मनोवैज्ञानिक समस्याएं : प्रो. ऋषिकान्त पांडेय

प्रवेश परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को पुलिस रहेगी तैनात

गोरखपुर (एसएनबी)। डीडीयू के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश को 27 जून से प्रारंभ होने वाली प्रवेश परीक्षाओं के लिए सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए परिसर के परीक्षा केंद्रों पर पुलिस तैनात रहेगी।

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर में स्नातक एवं परास्नातक सत्र 2024-25 की प्रवेश परीक्षायें विश्वविद्यालय परिसर स्थित केन्द्रों पर 27 जून 2024 से 08 जुलाई 2024 तक दो पालियों में होना सुनिश्चित है। प्रथम पाली प्रातः 09 बजे से 11 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03 बजे से 05 बजे तक है। ऐसे में सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु विश्वविद्यालय परिसर स्थित समस्त केन्द्रों पर परीक्षा प्रारम्भ होने से 01 घण्टा पूर्व तथा परीक्षा समाप्ति तक पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगी। यह जानकारी देते हुए नियंता ने बताया कि प्रशासन से पुलिस की व्यवस्था की मांग की गयी है।

स्नातकोत्तर के एक दर्जन पाठ्यक्रमों का परीक्षाफल घोषित

गोरखपुर (एसएनबी)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों का स्नातकोत्तर के तकरीबन एक दर्जन पाठ्यक्रमों का द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल शनिवार को घोषित कर दिया गया है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर अपना परीक्षाफल देख सकते हैं।

गोरखपुर विश्वविद्यालय के एमए प्राचीन इतिहास के चतुर्थ सेमेस्टर, एमए भूगोल के द्वितीय सेमेस्टर, एमए इतिहास के द्वितीय सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमए मंच कला के चतुर्थ सेमेस्टर, एमए दृष्य कला के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमए/एमएस-सी गणित के चतुर्थ सेमेस्टर, एमए/एमएस-सी सांख्यिकी के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमएस-सी बायोइन्फोमेटिक्स के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमएस-सी गृह विज्ञान क्लोथिंग एंड टेक्सटाइल के द्वितीय सेमेस्टर, एमएस-सी गृह विज्ञान फूड एंड न्यूट्रीशियन के द्वितीय सेमेस्टर, एमएस-सी माइक्रोबायोलॉजी के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एमएस-सी भौतिक विज्ञान के चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2023-24 का परीक्षाफल घोषित किया जा रहा है। यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक ने दी।

- डीडीयू की वेबसाइट पर परीक्षाफल अपलोड